# बम-बम भोले के जयकारों से गूंजें शहर के शिवालय

## श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को चढ़ाया बेलपत्र व जल



अनूपपुर, (नव स्वदेश)।

श्रावण मास के प्रारंभ होने के बाद पड़े पहले सोमवार को जिले भर के शिवालयों सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही इन मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ रहा जो रात्रि तक बना रहा। सुबह से ही महिलाओं के अलावा बच्चे व पुरुषों ने भगवान शिव को जल चढ़ाकर अपनी मनोकामना पूर्ति को लेकर कामना की।मंदिरों में देर रात्रि तक श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही।

### भोलेनाथ को मनाने से भक्त की हर मनोकामना होती है पूर्ण

भक्त भोलेनाथ को मनाने के लिए जल, फूल, बेलपत्र व कई अन्य प्रसाद सामग्री अर्पित किए। बताया जाता है कि, सावन के महीने में भगवान शिव को जल चढ़ाने का विशेष महत्व है। इस महीने में शिव को जल चढ़ाने से भक्त की हर मनोकामना पूर्ण होती है।दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेलवे कॉलोनी अनूपपुर के पुजारी ब्रह्मानंद गर्ग ने बताया कि सावन माह में प्रकृति अपने चरम सीमा में होती है,इसलिए प्रकृति की पूजा करनी चाहिए।श्रावण मास में पार्थिव पूजन का विशेष महत्व बताया जाता है। मिट्टी पूजन का भी अत्यंत महत्त्व है, इसलिए श्रावण मास में मिट्टी का पार्थिव शिवलिंग बनाकर, दुग्ध धारा से अभिषेक करने का महत्व है।

श्रावण मास का इतना महत्व है कि, यदि भगवान भोलेनाथ की पूजा ज्यादा नहीं भी हो पाती है, तो जल और बेलपत्र चढ़ाने मात्र से भी वह बेहद प्रसन्न होते हो जाते हैं और पूजा का संपूर्ण फल प्राप्त होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

शहडोल, (नव स्वदेश)। सुब्रतो मुखर्जी कब संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता स्थानीय रेलवे खेल मैदान में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सहदेव सिंह मरावी की देखरेख में संपन्न हुआ इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची सहायक संचालक शिक्षा ओपी निगम सचिव रेलवे के मोहंती की उपस्थिति में प्रतियोगिता का समापन किया गया अनूपपुर उमरिया एवं शहडोल जिले के 14 व 17 वर्ष के बालक वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता में दोनों वर्ग में शहडोल जिला विजेता रहा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 23 से 26 जुलाई तक शहडोल में आयोजित की जाएगी जिसमें विजेता खिलाड़ियों ने अपना टिकट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कटा लिया है इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहायक संचालक खेल सुदर्शन मिश्रा जिला खेल अधिकारी इंद्रपाल चौधरी रईस खान कोच फुटबॉल खलील खान केके श्रीवास्तव विरेंद्र श्रीवास्तव रितु पाल अभय पासवान राहुल माझी नरेश कुंडी व अन्य का सहयोग रहा अनूपपुर अधिक उम्र में बालक खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए व विजई हो गए जब पता लगा कि अनूपपुर की टीम में अधिक उम्र के खिलाड़ियों ने भाग लिया था इसके बाद टीम अनूपपुर टीम के स्थान पर शहडोल की टीम को विजयि घोषित किया गया।

### ट्रेन में फंसा वृद्ध जवान ने बचाई जान

शहडोल, (नव स्वदेश)। रेलवे स्टेशन में एक वृद्ध चलती ट्रेन से उतरते समय फस गए और कुछ दूर के चढ़ते हुए चले गए जिसे ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ जवान की सूझबूझ से सुरक्षित बचा लिया गया पुलिस ने बताया कि शहडोल निवासी प्रीति कुशवाहा अपने मामा शिवकुमार 63 वर्ष को अनूपपुर जाने के लिए छोड़ने आई थी उन्हें शहडोल अंबिकापुर ट्रेन से भेजना था किंतु रेलवे स्टेशन में पहले से खड़ी ट्रेन अंबिकापुर जबलपुर में भूल बस जल्दबाजी में बैठा दिया जब ट्रेन कटनी की तरफ रवाना होने लगी तब उन्हें पता चला कि वह ट्रेन में बैठ गए हैं चलती ट्रेन से उतरने का पैर फिसल गया और वह गेट के लगे हुए उनके शरीर के आधे से अधिक भाग ट्रेन और प्लेटफॉर्म के गेट में चला गया भांजी के चिल्लाने पर ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक एसके पाटिल सूझबूझ से वृद्ध को सही सलामत निकाल लिया वृद्धि के सिर व पैर में मामूली चोट आई है।

## अनूपपुर नपा.चुनाव के मतगणना कार्य की व्यवस्थाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा



अनूपपुर, (नव स्वदेश)। नगरपालिका अनूपपुर के आम निर्वाचन 2022 के मतगणना की आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। व्यवस्थाओं का कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफीसर सुश्री सोनिया मीना ने जायजा लिया। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफीसर व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत तथा एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी ने व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी।

### सड़क हादसे में रिक्शा चालक की मौत

शहडोल, (नि.प्र.)। सड़क हादसे में घायल रिक्शा चालक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई इंदिरा चौक के समीप तेज रफ्तार बाइक चालक ने रिक्शा चालक लंबू बैगा पिता रिगलू बैगा 40 वर्ष निवासी गोरतरा को ठोकर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## नपा.अनूपपुर आज पता चल जाएगा किसका सूर्यास्त होगा और किसका विजय पताका लहराएगा

अनूपपुर, (नव स्वदेश)।




लगभग 28 दिनों से शहर का माहौल पूर्ण रूप से राजनैतिक हो चुका था।टिकिट मिलने से लेकर नतीजे आने तक सभी के मन में अपने-अपने गणित और अपने-अपने आकलन थे। चौराहों, पान की दुकानों, सेलून और चाय ठेलों पर सिर्फ विषय चुनावी गणितों का था। फिर चाहे टिकिट मिलने के बाद अपने चहेते प्रत्याशियों के लिए बीच बाजार में तर्क वितर्क करते हुए लड़ जाना या फिर सारे कामधाम छोड़कर अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा देना। ऐसे सारे चित्रण सड़क के चौराहों में जिला मुख्यालय अनूपपुर में देखे गए शाम-दाम-दंड-भेद की सारी नीति अपनाते हुए प्रत्याशियों ने चुनाव में विजय प्राप्त करने की कोशिश की है।मंदिर- मस्जिद, गुरुद्वारा,चर्च सभी के चक्कर लगाते हुए अपनी जीत की कामना की। कुछ तो तांत्रिकों के जाल में फंसे नजर आए।अब कितने-तंत्र-मंत्र किसके काम आएंगे यह तो परिणाम ही बताएगा।

अब किसका सूर्यास्त होगा और किसका विजय पताका लहराएगा यह नो बजे गिनती चालू होते ही कुछ देर में निर्धारित हो जाएगा।परिणाम का इंतजार प्रत्याशियों के साथ-साथ शहर की जनता को भी है।ईवीएम मशीन के अंदर किसका लक लॉक हुआ था यह आज पता चल जाएगा।बरहाल प्रत्यारियों की दिलों की धड़कने काफी बढ़ी हुई है। कि चुनाव जीतेगे या हारेगे।

## संयुक्त टीम ने पकड़ा 60000 का गांजा

शहडोल, (नव स्वदेश)। रेलवे सुरक्षा बल व जीआरपी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रविवार को ट्रेन से गांजा के साथ दो आरोपियों को पकड़ा है आरपीएफ निरीक्षक को सूचना मिली थी कि सारनाथ एक्सप्रेस से दो आरोपी गांजा लेकर जा रहे हैं सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देते हुए प्लेटफार्म नंबर 3 में सारनाथ एक्सप्रेस के पहुंचने पर संदेही ओ की जांच की गई जहां पर जनरल बोगी में सफर कर रहे अमन कुमार कुशवाहा एवं मनोज कुमार कुशवाहा 20 वर्ष निवासी ग्राम कोयलारी थाना चंदिया एक बैग में 6 किलो गांजा अवैध रूप से ले जाते पकड़े गए आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त टीम ने आरोपियों को हिरासत में लेते हुए धारा 8 बटे 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर विवेचना में लिया आरोपियों को गांजा सहित पकड़ने में रेल सुरक्षा बल से प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सहायक उपनिरीक्षक डी पी राव आरक्षक जितेंद्र कुमार तथा जीआरपी थाना प्रभारी फूल कुमारी केरकेट्टा सहायक उपनिरीक्षक जेठू सिंह आरक्षक मेहताब बघेल आरक्षक नीमसार सिंह तोमर की भूमिका रही।

## भारतीय डाक विभाग द्वारा अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान प्रतियोगिता पुरस्कार जीतने का मौका

अनूपपुर, (नव स्वदेश)।




भारतीय डाक विभाग द्वारा ''अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान'' वर्ष 2022-23 के तहत पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 01 जुलाई 2022 से 31 अक्टूबर 2022 तक किया जा रहा है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए उप संभागीय निरीक्षक (डाक) अनूपपुर ने बताया है कि इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय विजन फॉर इंडिया 2047 निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के लिए रखी गई है, जिसमें 18 वर्ष तक तथा 18 वर्ष से अधिक की दो श्रेणियां रखी गई हैं। इन दो श्रेणियों में अंतर्देशीय पत्र (अधिकतम 500 शब्दों में) एवं लिफाफा (अधिकतम 1000 शब्दों में) की दो उप श्रेणियां रखी गई हैं। हस्त लिखित पत्र हिन्दी,अंग्रेजी में अधीक्षक डाकघर शहडोल संभाग शहडोल पर रजिस्टर्ड डाक,स्पीड पोस्ट,साधारण डाक के माध्यम से भेजा जा सकता है। पत्र में प्रतिभागी को उम्र के संबंध म स्वहस्ताक्षरित प्रमाण पत्र देना होगा कि एक जनवरी 2022 को मेरी आयु 18 वर्ष से कम,अधिक है। उन्होंने बताया है कि मध्यप्रदेश परिमंडल से प्रत्येक उप श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियों को क्रमशः 25 हजार रुपये, 10 हजार रुपये एवं 5 हजार रुपये से पुरस्कृत किया जाएगा एवं चयनित प्रविष्टियों को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु महानिदेशालय नई दिल्ली भेजा जाएगा। महानिदेशालय नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर प्रत्येक उप श्रेणी में चयनित सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियों को क्रमशः 50 हजार रुपये, 25 हजार रुपये एवं 10 हजार रुपये से सम्मानित किया जाएगा। पत्र लेटर बॉक्स में पोस्ट करने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर 2022 रखी गई है। इसके बाद पोस्ट किए गए पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। परिमंडल स्तर पर चयनित प्रतिभागियों का परिणाम 31 अक्टूबर 2022 को एवं अखिल भारतीय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों का परिणाम 25 दिसम्बर 2022 को घोषित किया जाएगा।

## आज से नियमित रूप से चलेगी वीकली निजामुद्दीन-अंबिकापुर-निजामुद्दीन एसी स्पेशल,समय सारणी जारी

अनूपपुर, (नव स्वदेश)।

यात्रियों की मांग एवं सुविधा को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने निजामुद्दीन-अंबिकापुर-निजामुद्दीन के मध्य एक वीकली नई ट्रेन एसी स्पेशल सुपरफास्ट की समय सारणी घोषित कर दी है।यह ट्रेन निजामुद्दीन से अंबिकापुर के मध्य 15 स्टेशनों पर रुकेगी।इस ट्रेन को 20 घंटे 30 मिनट दूरी तय करने में लगेगी।निजामुद्दीन से यह ट्रेन नियमित रूप से 19 जुलाई 2022 से प्रारंभ हो गई है।यह ट्रेन प्रति सप्ताह मंगलवार को रात्रि 23.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन बुधवार को रात्रि में 19.30 बजे अंबिकापुर पहुंचेगी वही अंबिकापुर से यह ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को प्रातः 07.15 बजे प्रस्थान कर शुक्रवार को सुबह 04.35 बजे निजामुद्दीन पहुंचेगी। ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित रहेगी जिसमें एसी फस्ट, एसी सेकंड, एवं एसी थर्ड के कोच रहेंगे।ट्रेन की विस्तृत समय सारणी जो जारी की गई है वह इस प्रकार है-

ट्रेन नंबर 04043 अंबिकापुर-निजामुद्दीन- अंबिकापुर से गुरुवार को सुबह 07.15 बजे पर प्रस्थान कर सूरजपुर रोड 07.47-07.49,बैकुंठपुर रोड 08.20-08.22, बिजुरी 09.25-09.30,अनूपपुर 10.25-10.30, शहडोल 11.10-11.15 ,उमरिया 12.23-12.25, कटनी मुरवारा 15.30-15.40, दमोह 17.08-17.10,सागर 18.13-18.15 ,वीरांगना लक्ष्मी बाई( झांसी) 21.50- 21.55, ग्वालियर, 23.10-23.12 ,आगरा कैंट 01.15- 01.20 ,मथुरा 02.13-02.15 हजरत निजामुद्दीन 04.35 शुक्रवार को पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 04044 निजामुद्दीन-अंबिकापुर

निजामुद्दीन से मंगलवार को रात्रि 23.00 बजे पर प्रस्थान कर मथुरा जंक्शन 00.58-01.00, आगरा कैंट 01.50-01.55, ग्वालियर 03.35-03.37, वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन झांसी 05.20-05.25 ,सागर 08.28-08.30, दमोह 09.33-09.35, कटनी मुरवारा 11.00-11.10, उमरिया 12.42-12.44, शहडोल 13.55-14.00, अनूपपुर 14.40-14.45, बिजुरी 15.40-15.45, बैकुंठपुर रोड 16.39-16.41, सूरजपुर रोड 17.10-17.12, अंबिकापुर 17.30 बुधवार को पहुंचेगी।

### शा.तुलसी महावि. में जिला स्तरीय युवा महापंचायत का आयोजन

## राज्य स्तरीय के लिए 6 युवाओं का हुआ चयन





अनूपपुर, (नव स्वदेश)।

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में जिलास्तरीय युवा महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें जिले के तीन स्क्रीनिंग केन्द्रों अनूपपुर, कोतमा एवं राजनगर में 16 जुलाई 2022 को आयोजित स्क्रीनिंग के उपरांत सफल युवाओं ने प्रतिभागिता की।कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के मार्गदर्शन में किया गया।

इस कार्यक्रम में डॉ.आर.आर.सिंह उपनिदेशक, नेहरू युवा केन्द्र, डॉ.जे.के.संत प्राध्यापक शासकीय तुलसी महाविद्यालय,चेतन श्रीवास स्पोर्ट्स ऑफीसर शासकीय महाविद्यालय जैतहरी,प्रो. संगीता बासरानी और महेश नापित सामाजिक कार्यकर्ता निर्णायक मंडल में रहे।

निर्णायक मंडल ने सभी युवाओं को विभिन्न समूहों में ग्रुप डिस्कशन कराया। इसके बाद अंतिम रूप से 06 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए किशन आर्मो, वैशाली सिंह,विजयलक्ष्मी सिंह, मोहन सिंह गोंड, सुरभि गुप्ता एवं सिद्धार्थ मिश्र का चयन किया गया। राज्यस्तरीय युवा महापंचायत में चयनित ये प्रतिभागी 23 एवं 24 जुलाई को भोपाल में प्रतिभागिता करेंगे।

## द्वितीय चरण की मतगणना की तैयारी पूर्ण, आज आयेगा परिणाम

### फिर होगा अध्यक्ष की कुर्सी का घमासान




अनूपपुर, (नव स्वदेश)।

जिले की दो नगर पालिका एवं तीन नगर परिषद में 77 पार्षद पद हेतु मतगणना 13 जुलाई 2022 को संपन्न हुई।जिसमें नगर परिषद डूमर कछार में एक पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हो गया था।नगर पालिका अनूपपुर, नगर पालिका पसान, नगर परिषद डोला, नगर परिषद बनगवॉं, नगर परिषद डूमरकछार के आम निर्वाचन 2022 के मतगणना के परिणाम आज 20 जुलाई 2022 को मतगणना पश्चात प्राप्त होंगे।आज 20 जुलाई 2022 को मतगणना प्रातः 9 बजे से प्रारम्भ होगी। पार्षद पद के परिणाम के बाद अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर घमासान चालू हो जाएगा।फिर जिस दल का बहुमत रहेगा वह अध्यक्ष के लिए तैयारी शुरू करेगा।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में राज्य निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।

अनूपपुर में मतगणना के लिए 15 टेबिल लगाई जाएगी, जिसमें 19 गणना पर्यवेक्षक तथा 38 गणना सहायक द्वारा मतगणना संपादित की जाएगी। अनूपपुर हेतु तहसीलदार टी.आर. नाग को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। पसान में मतगणना के लिए 09 टेबिल लगाई जाएगी, जिसमें 12 गणना पर्यवेक्षक तथा 24 गणना सहायक द्वारा मतगणना संपादित की जाएगी। डोला में मतगणना के लिए 10 टेबिल लगाई जाएगी, जिसमें 13 गणना पर्यवेक्षक तथा 26 गणना सहायक द्वारा मतगणना संपादित की जाएगी। बनगवॉं में मतगणना के लिए 15 टेबिल लगाई जाएगी, जिसमें 18 गणना पर्यवेक्षक तथा 36 गणना सहायक द्वारा मतगणना संपादित की जाएगी। डूमरकछार में मतगणना के लिए 03 टेबिल लगाई जाएगी, जिसमें 06 गणना पर्यवेक्षक तथा 12 गणना सहायक द्वारा मतगणना संपादित की जाएगी।

मतगणना उपरांत विजयी उम्मीदवारों को अंत में रिटर्निंग ऑफीसर द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा। मीडिया स्थल पर हर चरण के परिणामों की घोषणा के लिए लाउडस्पीकर लगाए गए हैं तथा अन्य सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर लिया गया है। मतगणना स्थल की सीसीटीव्ही कैमरे से निगरानी भी की जाएगी।

### सम्मान निधि | पीएम किसान सम्मान निधि योजना के समस्त हितग्राहियों की 12वीं किस्त हेतु

## ई-केवाईसी की कार्यवाही हेतु अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

शहडोल, (नव स्वदेश)।

कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के समस्त हितग्राहियों की 12वीं किस्त हेतु ई-केवाईसी एवं आधार से बैंक खाता लिंकिंग की कार्यवाही हेतु शत-प्रतिषत पूर्ण कराने हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समस्त को संबंधित अनुविभाग हेतु नोडल अधिकारी होंगे,समस्त बैंकरों के साथ बैठक आयोजित कर आधार बैंक खाता लिंकिंग की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया जाना,बैंकर्स जिनके पास सुविधा उपलब्ध है, को मोबाइल कैंप के माध्यम से आधार बैंक खाता लिंक करने हेतु कार्यवाही कराया जाना,अधीक्षक भू-अभिलेख भू अभिलेख को प्रत्येक सी.एस.सी. केन्द्र को लंबित ई-केवायसी की सूची टारगेट के रूप में उपलब्ध कराया जाना , प्राप्त प्रगति डाटा एवं आगामी दिवस की रिपोर्ट से मिलान कर जिन पंचायतों में ई-केवायसी सबसे कम पूर्ण किया गया है, एवं सर्वाधिक लंबित हैं उनके लिए विशेष कार्ययोजना बनाया जाना, बैंकर्स को लंबित डाटा की सूची उपलब्ध कराई जाए, जिससे बैंकर्स सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्यवाही पूर्ण करायें,आधार एवं बैंक खाता लिंक करने हेतु शेष हितग्राहियों की सूची मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के डेश बोर्ड एवं पी.एम. किसान पोर्टल से प्राप्त कर नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराया जाना, प्रतिदिन प्राप्त जानकारी एवं पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी का विश्लेषण कर द्य प्रतिदिन जिला कलेक्टर को अवगत करायेंगे, ई-केवायसी एवं आधार से बैंक खाता लिंकिंग के कार्य की जिला स्तर पर निगरानी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तहसीलदारों को संबंधित तहसील हेतु नोडल अधिकारी के पटवारी पंचायत सचिव ग्राम रोजगार सहायक द्वारा किए गए केवाईसी एवं आधार से बैंक खाता लिंकेज के कार्य की प्रगति समीक्षा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को संबंधित जनपद पंचायत हेतु नोडल अधिकारी होंगे,पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को निर्देशित करेंगे कि वे संबंधित ग्राम पंचायत में अभियान के दौरान उपस्थित होकर हितग्राहियों की ई-केवायसी आयुष्मान कार्ड हेतु प्रदान की गई बायोमेट्रिक्स डिवाइस से कराया जाना सुनिश्चित करे साथ ही हितग्राहियों को आधार से बैंक खाता लिंक कराने हेतु संबंधित बैंक की शाखा में भेजे, अभियान के दौरान प्रतिदिन की कार्य प्रगति से अधीक्षक भू-अभिलेख को अवगत करायें, जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक को ई-केवायसी कार्य हेतु सी.एस.सी. केन्द्रों में समन्वय कर सक्रिय सहभागिता को सुनिश्चित करना तथा ई-केवायसी की कार्यवाही समय सीमा मे पूर्ण कराना, सी.एस.सी. केन्द्र संचालको को मय लैपटॉप/बायोमेट्रिक्स/प्रिंटर पंचायत भवन पर नियत दिनांक में प्रातः 11 से सायं 5 बजे तक उपस्थिति सुनिश्चित की जाय,शहरी क्षेत्र में उपलब्ध ई-केवायसी केन्द्रों का उपयोग किया जाए।

## कलेक्टर के निर्देश पर प्रतिदिन हो रहा पौधरोपण

अनूपपुर, (नव स्वदेश)।

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशन में मध्यप्रदेश शासन के अंकुर अभियान के तहत जिले में ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण व प्रकृति को प्राणवायु से समृद्ध करने के जनसहभागिता के तहत प्रतिदिन पौधरोपण अभियान को गति प्राप्त हो रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत ने बताया है कि 'अंकुर' सांस नयी-आस नयी के तहत अब तक 10 हजार 466 पौधरोपण कर एप पर पौधरोपण करते हुए फोटो अपलोड किए गए हैं। अभियान अंतर्गत तीन चरण में फोटो अपलोड किए जाने का प्रावधान है, जिसके तहत जिले में 627 प्रतिभागियों ने द्वितीय फोटो तथा 72 प्रतिभागियों ने तृतीय फोटो की अपलोडिंग की है।



अंकुर अभियान अंतर्गत पौधरोपण कर तीन चरण की फोटो अपलोड करने वाले सफल प्रतिभागियों को मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सहभागिता हेतु डिजिटल प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।